# दो वरदान

**1 राजा दशरथ के मन में एकमात्र इच्छा क्या थी?**

उत्तर- राजा दशरथ के मन में एकमात्र इच्छा थी कि राम का राज्याभिषेक हो।

**प्रश्न-2 राम के अयोध्या वापस लौटने पर राजा दशरथ ने क्या किया?**

उत्तर- राम के अयोध्या वापस लौटते ही राजा दशरथ ने राम को राज -

काज में शामिल करना शुरू कर दिया।

**प्रश्न-3 कैकेयी ने राजा दशरथ से कौन से दो वरदान माँगे?**

उत्तर- कैकेयी ने पहले वरदान में भरत का राज्याभिषेक व दूसरे वरदान में राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास माँगा ।

**प्रश्न-4 भरत और शत्रुघ्न किस समय अयोध्या में नहीं थे?**

उत्तर - जब राम के राज्याभिषेक की तैयारियाँ चल रही थी तब भरत और शत्रुघ्न अयोध्या में नहीं थे ।

**प्रश्न-5 रानी कैकेयी को किसने भड़काया?**

उत्तर- रानी कैकेयी को मन्थरा ने भड़काया।